

अध्याय : 1

ज्यामिति

रंग भरिए–




काला



नीला





हरा




लाल


नीचे दिए गए चित्रों में ऊपर वाली आकृतियाँ खोजकर ऊपर बताए अनुसार रंग भरिए–






समझिए–












शंकु











कौन किसके जैसा?



समान आकृतियों को मिलाइए और एक जैसा रंग भरिए–



आपने कुछ ज्यामितीय आकृतियों की पहचान कर ली है।

- तिकोना (त्रिकोण) वाली आकृति को **त्रिभुज** कहते हैं। यह तीन रेखाओं से घिरी होती है।
- **वर्ग** और **आयत** चार कोना या चौकोर आकृति वाले होते हैं।
- आयत में आमने सामने की रेखाएँ (भुजा) बराबर होती है।
- वर्ग में चारों भुजाएँ बराबर होती हैं।
- गोल आकृति **वृत्त** कहलाती हैं।
- ऐसी आकृति या वस्तु जो चारों तरफ से गोल और ठोस हो, उसे **गोला** कहते हैं, जैसे– गेंद।
- ऐसी आकृति जिसमें त्रिकोण एवं गोलाकार दोनों आकृति हो **शंकु** कहलाती है। जैसे– कीप, जोकर की तिकोनी टोपी।
- ऐसी लम्बी आकृति जिसके दोनों सिरे वृत्ताकार हों, **बेलन** कहलाती है, जैसे– लोहे का पाइप।
- **घन** तथा **घनाभ** में लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई तीनों होती है। घन में लम्बाई चौड़ाई तथा ऊँचाई तीनों समान होते हैं। जबकि घनाभ में तीनों समान नहीं होते हैं। जैसे– लूडो का पासा घन है और माचिस का डिब्बा घनाभ है।

त्रिभुज बनाना


एक कागज लीजिए।

कागज के एक कोने को पकड़कर दूसरी ओर रखिए, जैसा चित्र में दिखाया गया है।


बचे हिस्से को कैंची से काट लीजिए।

अब कागज को खोल दीजिए और बने निशान से फाड़ लीजिए।

आपको अलग-अलग दो त्रिभुज मिलेंगे।



अब नीचे विभिन्न बिंदुओं को जोड़कर विभिन्न तरह के त्रिभुज बनाइए। रेखाएँ खींचने में आप स्केल की मदद ले सकते हैं।




आपने बिंदुओं को जोड़कर त्रिभुज बनाया है। इन त्रिभुजों को ध्यान से देखिए और नीचे दिए सवालों के जवाब लिखिए–

1. **आपने कुल कितने त्रिभुज बनाए हैं?**

2. **एक त्रिभुज में कितनी भुजाएँ हैं?**


3. **एक त्रिभुज में कितने कोने हैं?**

प्रत्येक आकृति में कितने त्रिभुज हैं, गिनकर उसके नीचे बने खाने में लिखिए–




आयत बनाना

आमतौर पर किताब या कॉपी के कागज आयताकार होते हैं। आयताकार कागज को मोड़कर 4 अलग-अलग आकार के आयत बनाइए। इसके लिए उसे 4 बार मोड़िए।




एक ही कागज से हम लोगों ने पाँच तरह के आयत बनाए हैं, इसी प्रकार हम और भी आयत बना सकते हैं। आइए, अब हम बिंदुओं को जोड़कर अलग-अलग आकार के आयत बनाएँ।



1. जो आयत बने हैं उनमें से किसी एक को देखिए तथा बताइए उसमें कितनी भुजाएँ हैं?
2. किसी भी आयत की चारों भुजाओं की लंबाई मापिए। क्या सभी भुजाओं की लंबाई बराबर है?
3. मापकर देखिए क्या आमने–सामने की भुजाएँ बराबर हैं?

प्रत्येक आकृति में कितने आयत हैं? गिनकर उसके नीचे लिखिए–




.....


.....

.....

.....

प्रत्येक आकृति में सबसे बड़ा आयत ढूँढ़िए और उसमें मनपसंद रंग भरिए–






वर्गाकार कागज बनाना

एक कागज लीजिए।



भुजा 'अ स' को उठाकर भुजा 'स द' पर रख दीजिए। कागज इस तरह से दिखेगा। बची पट्टी को काट दीजिए।




अब आप कागज को खोल दीजिए।

कागज का वर्ग इस तरह से दिखेगा।




आइए, अब बिंदुओं को जोड़कर अलग-अलग आकार के वर्ग बनाएँ–




आपने बिंदुओं को जोड़कर वर्ग बनाए हैं। इन वर्गों को ध्यान से देखिए और नीचे दिए सवालों का जवाब लिखिए–

1. आपने जो वर्ग बनाए हैं उनमें से प्रत्येक में कितनी भुजाएँ हैं? .....
2. आपने जो वर्ग बनाए हैं उनमें से प्रत्येक में कितने कोने हैं? .....
3. क्या वर्ग की भुजाओं की लंबाई अलग-अलग है? .....
4. क्या हम कुछ वर्गों को मिलाकर आयत बना सकते हैं? .....
5. क्या वर्ग भी एक आयत है? .....

नीचे दी गई आकृति में कितने वर्ग हैं, गिनकर उसके नीचे लिखिए–




अब आएगा मजा– करके देखिए–




यहाँ दी हुई आकृति फर्श पर माचिस की तीलियों से बना लें। आकृति में 9 समान वर्ग बने हैं।

1. चार तीलियाँ इस प्रकार हटाएँ कि सात समान वर्ग बचें।
2. दो तीलियाँ इस प्रकार हटाएँ कि सात समान वर्ग बचें।
3. चार तीलियाँ इस प्रकार हटाएँ कि पाँच समान वर्ग बचें।

आकृतियाँ बनाइए–





चीजें रखकर आकृतियाँ बनाइए– जैसे– माचिस, पुस्तक, चूड़ी आदि।













आपको निम्न आकृतियाँ दी गई हैं।



दोनों चित्रों में ज्यामितीय आकृतियाँ पहचान कर उनके नाम एवं संख्या लिखिए।






नाम	संख्या
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....


अपने स्कूल के आस-पास की चीजों को देखिए तथा अवलोकन कीजिए कि कौन-सी चीज किस ज्यामितीय आकृति से मिलती है तथा इसकी सूची बनाइए।


आस-पास की चीजें	आकृति

सीधी एवं टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएँ


दिए गए चित्रों को देखिए और इनकी तरह की रेखाओं से मिलान कीजिए–
























पिछले पृष्ठ की रेखाओं पर स्केल रखकर देखिए कि कौन-सी रेखा स्केल के साथ-साथ सीधी चलती है। या स्केल से खींची जा सकती है तथा कौन-सी रेखा स्केल से सीधी न होकर इधर-उधर हो जाती है या बिना स्केल के खींची जा सकती है।

नीचे दी गई तालिका में चित्र बनाइए–


स्केल के साथ-साथ सीधी चलने वाली रेखा या स्केल से खींची जाने वाली रेखा	स्केल से सीधी न होकर इधर-उधर हो जाने वाली रेखा या बिना स्केल के खींची जाने रेखा

- स्केल के साथ-साथ सीधी चलने वाली या स्केल से खींची जाने वाली रेखा **सीधी रेखा** (सरल रेखा) कहलाती है।
- स्केल से सीधी न होकर इधर-उधर हो जाने वाली या बिना स्केल के खींची जाने वाली रेखा **टेढ़ी-मेढ़ी रेखा** (वक्र रेखा) कहलाती है।


जिन आकृतियों में वक्र रेखाएँ हैं उन पर सही (✓) का निशान लगाइए।



बिंदुओं को जोड़कर सरल और वक्र रेखाएँ खींचिए–




बिंदुओं को जोड़कर डिजाइन बनाइए और उसमें रंग भरिए–





टैनग्राम (tangram) के टुकड़ों का उपयोग करते हुए आकृतियों का निर्माण करना–


टैनग्राम एक पुरानी पहेली है जिसका विकास चीन में हुआ। इसमें वर्ग को चित्रानुसार 5 या 7 टुकड़ों में काटा जाता है तथा इन टुकड़ों से विभिन्न तरह की आकृतियाँ बना सकते हैं।

यह 5 टुकड़ों वाला टैनग्राम है। ऐसी आकृति एक वर्गाकार कूट पर बनाइए तथा काटकर अलग कीजिए। अब इनका उपयोग करते हुए नीचे दी आकृतियाँ बनाइए।












यह 7 टुकड़ों वाला टैनग्राम है। इसे एक कूट पर बनाइए तथा काटकर अलग कीजिए। फिर नीचे दी गई आकृतियाँ बनाइए।








1. लिखे गए टुकड़ों से निम्न आकृति बनाइए।

(क) केवल दो तिकोनों से



(ख) केवल टुकड़ा नंबर 2, 3 और 5 में से।





2. पृष्ठ 19 पर दिए गए 5 टुकड़ों वाले टैनग्राम में तिकोनों की कुल संख्या बताइए। क्या सभी आकार में बराबर हैं?

3. 7 टुकड़ों के टैनग्राम के ऐसे दो टुकड़े कौन से हैं जो बिल्कुल एक जैसे हैं? करके देखिए।

4. 7 टुकड़ों वाला टैनग्राम में निम्नलिखित आकृति को ढूँढ़कर टैनग्राम की टुकड़ा संख्या दीजिए।







5. पृष्ठ 20 पर दिए गए 7 टुकड़ों वाले टैनग्राम में अंकित संख्या वाली आकृतियों में कितने किनारे बराबर हैं?


(क) 2 और 5 में

(ख) 1 और 7 में


(ग) 2 और 3 में

(घ) 2 और 4 में

कुछ आकृतियाँ ऐसी होती हैं, जिनके यदि दो भाग किए जाएँ तो दोनों भाग एक-दूसरे को पूरी तरह ढँक लेते हैं। ऐसी ही कुछ आकृतियों को नीचे देखिए।




कुछ आकृतियाँ ऐसी होती हैं जिनके दो भाग करने पर दोनों भाग एक-दूसरे को किसी भी दिशा में ढँकते नहीं हैं।



आप कागज पर ऊपर बने चित्रों को बनाकर बिन्दु रेखा पर से मोड़ कर देखिए कि क्या कागज के दोनों भाग एक-दूसरे को ढँकते हैं या नहीं?

नीचे कुछ आकृतियाँ दी गई हैं। उनमें जो आकृति बिन्दु रेखा से मोड़ने पर एक-दूसरे को ढँकती हैं, इस पर (✓) का निशान तथा जो नहीं ढँकती हैं उस पर (×) का निशान लगाइए।



अध्याय : 2

संख्याएँ

1. एक दिवसीय क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों के नाम के साथ उनके रन दिए गए हैं।

खिलाड़ियों के नाम	रनों की संख्या
धौनी	96
गंभीर	105
राहुल द्रविड़	99
युसूफ पठान	40
सचिन	45

ऊपर के आंकड़ों को देखकर रिक्त स्थान भरिए–

- सबसे अधिक रन ..... ने बनाए।
- गंभीर ने धौनी से ..... रन अधिक बनाए।
- द्रविड़ को शतक बनाने के लिए ..... रन चाहिए।
- सबसे कम रन ..... ने बनाए।
- किसने शतक (सेन्च्यूरी) पूरा किया? .....

आओ खेलें खेल–

अपने साथियों के साथ इन चीजों को जमा कीजिए–

– 50 कंकड़

– एक पासा

– 37 कार्ड, जिनमें 10 लिखा हो 10

– 6 कार्ड जिसमें 100 लिखा हो 100



अपने साथियों के साथ छोटे-छोटे समूह बना लीजिए। आप अपने समूह के साथ घेरा बनाकर बैठिए और कंकड़, कार्ड को बीच में रख लीजिए।

आप पासा फेंकिए और पासे में जो अंक आए, उतने कंकड़ ढेर से उठाकर अपने पास रख लीजिए। यही काम आपके साथी भी बारी-बारी करेंगे। जिसके दस कंकड़ हो जाएँ वह उनके बदले 10 का एक कार्ड रख ले और दस कंकड़ों को ढेरी में वापस रख दें।

इसी तरह खेलते जाइए। जब किसी के पास दस कार्ड हो जाएँ वह इन दस कार्ड के बदले 100 का एक कार्ड ले ले और 10-10 के दस कार्ड ढेरी में वापस रख दे। खेल तब तक खेलते रहिए जब तक 100 वाला कार्ड समाप्त न हो जाए। अपने-अपने नाम के आगे लिखिए कि आपके पास 100 के और 10 के कितने कार्ड हैं तथा कितने कंकड़ हैं। जिनके पास 100 के सबसे ज्यादा कार्ड होंगे वह विजयी होगा।

नाम	100 के कितने कार्ड	10 के कितने कार्ड	कितने कंकड़

10 का एक कार्ड कितने कंकड़ों के बराबर है? ☐

100 का एक कार्ड, 10 के कितने कार्ड के बराबर है? ☐


100 का एक कार्ड कितने कंकड़ों के बराबर है? ☐

बण्डल और तीलियाँ गिनकर संख्या लिखिए–


	1 सैकड़ा, 0 दहाई, 1 इकाई	101	एक सौ एक
	1 सैकड़ा, 0 दहाई, 2 इकाइयाँ	102	एक सौ दो
			
			
	1 सैकड़ा, 1 दहाई, 0 इकाई	110	एक सौ दस
			
			
			
			
			

देखिए और समझिए–


एक इकाई →




एक दहाई →





एक सैकड़ा →





गिनतारा देखिए और संख्या लिखिए–
















संख्या के अनुसार गिनतारे में मोती बनाइए–


उदाहरण : संख्या 142

चित्र में 142 संख्या में 2 अंक इकाई स्थान पर, 4 अंक दहाई स्थान पर, 1 अंक सैकड़ा के स्थान पर है। अंकों के अनुसार गिनतारे में मोती लगाए गए हैं। इसी तरह निम्नलिखित संख्या में किस अंक का स्थान कहाँ होगा, लिखिए तथा गिनतारे में मोती लगाइए।







(159)



(74)




(8)




(105)


देखिए, समझिए और लिखिए–




एक सैकड़ा, दो दहाइयाँ, एक इकाई 121 एक सौ इक्कीस




–– सैकड़े, ––––दहाई, ––– इकाइयाँ ––– ––––––



–– सैकड़े, ––––दहाई, ––– इकाई ––– ––––––




–– सैकड़े, ––––दहाइयाँ, –– इकाइयाँ ––– ––––––




–– सैकड़े, ––––दहाई, ––– इकाइयाँ ––– ––––––

संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखिए–

चित्र–1



चित्र–2



चित्र–1						
चित्र–2						

संख्याओं को घटते क्रम में लिखिए–

147	200	49	97	108	198	156

100	66	144	48	186	101	177

खाली स्थान में क्रम में संख्या लिखिए–

71		73							
			84						
91									
					106				
	112							119	
		123							
				135					
							148		
			154						
					166				

लगातार संख्याओं द्वारा पूरा कीजिए–

(1) 139 ....., ...

(2) ....., ... 101

(3) 444 ....., ...

(4) ....., ...325, 326

(5) 142 ....., ...145

(6) 102 ....., ...

(7) 446 ....., ...

(8) ....., 500, ..., ...

अंक 5 और 8 से मिलकर बनी संख्याएं 58 और 85 है। क्या आप बता सकते है कि–

58 = ... दहाइयां ..... इकाइयाँ

85 = ... दहाइयां ..... इकाइयाँ

दोनों में से कौन-सी संख्या बड़ी है? .....

ये आपने कैसे पता किया? .....

अब, अंक 2, 4, 8, 5 से संख्या बनाना–

दिए गए अंकों में से किन्हीं दो अंकों से बनने वाली संख्याएँ यहाँ लिखिए–

.....

सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है? लिखिए। .....

सबसे छोटी संख्या कौन-सी है? लिखिए। .....

दिए गए अंकों में से किन्हीं तीन अंकों से बनने वाली संख्याएँ लिखिए–

.....

सबसे बड़ी कौन-सी है? ....., सबसे छोटी कौन-सी है? .....

कहे गए अंक पर घेरा लगाइए–

इकाई का अंक	1 0 ⑤
दहाई का अंक	1 4 3
इकाई का अंक	1 0 0
दहाई का अंक	9 4 8
सैंकड़े का अंक	3 4 6
इकाई का अंक	2 1 7

सही संख्या पर घेरा लगाइए –

(1)	4 सैंकड़ा 3 दहाई	340	430	403
(2)	8 सैंकड़ा	8	80	800
(3)	6 सैंकड़ा 7 दहाई 3 इकाई	673	763	367
(4)	2 सैंकड़ा 7 इकाई	27	207	270
(5)	5 दहाई 9 इकाई	590	509	59

प्राथमिक विद्यालय पकड़ीहार के चार बच्चों ने श्यामपट्ट पर 328 को अपने-अपने तरीके से लिखा है।



अब बताइए–

क्या चारों बच्चों ने सही लिखा :.....

आप 328 को किस तरह से लिखिएगा?

.....

देखिए, समझिए–

328 = 3 सैंकड़ा 2 दहाई 8 इकाई

= 300 + 20 + 8

या, $3 \times 100 + 2 \times 10 + 8 \times 1$

इसे संख्या 328 का विस्तारित रूप कहते है।

अब इनका विस्तारित रूप लिखिए–

(1) 425 = ————————————————————————————————

(2) 209 = ————————————————————————————————

(3) 644 = ————————————————————————————————

(4) 840 = ————————————————————————————————

विस्तारित रूप को संख्या से मिलाइए–

100 + 50 + 4	37
30 + 7	110
700 + 90 + 8	676
400 + 6	798
100 + 10	406
600 + 70 + 6	154


आइए तुलना करें–




रानी




मंगल




रानी बड़ी है मंगल से



7 बड़ा है 4 से। इसे लिखते हैं 7 > 4




मंगल छोटा है रानी से



4 छोटा है 7 से। इसे लिखते हैं 4 < 7

अब एक और स्थिति देखिए –



दो बराबर है दो के यानी 2 = 2



मंगल बराबर है टीना के

पढ़िए–

12 > 3

12 बड़ा है 3 से

196 < 201 से

196 छोटा है 201 से

116 > 110

116 बड़ा है 110 से

980 < 999

980 छोटा है 999 से


<	छोटा है।
>	बड़ा है।
=	बराबर है।

संख्याओं को पहचान कर उनके बीच <, > या = का चिह्न लगाइए–

140	<	235	853		944
96	>	45	650		605
293		239	199		35
416		416	100		99

क्रम से अगली तीन संख्याएँ लिखिए–

127	128	129	130
418			
667			
573			
888			



क्रम से पहले की तीन संख्याएँ लिखिए–

105	104	103	102
365			
201			
967			
500			

दी हुई संख्याओं के बीच की संख्या लिखिए–

125	126	127	168		170
778		780	874		876
399		401	555		557
485		487	609		611

ठीक पहले और ठीक बाद में आने वाली संख्या लिखिए–

98	99	100		601	
	840			300	
	778			499	
	515			222	

संख्या चार्ट

चार्ट को पूरा कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

10									100
	120								
		230					280		
			340						
				450					
510					560				
						670			700
							780		
								890	
910									1000

1. 300 के ठीक बाद कौन-सी संख्या है जो इस चार्ट में नहीं है? .....

2. 870 से 2 घर ऊपर कौन-सी संख्या है? .....

अध्यापक संकेत–

ऊपर के प्रश्न उदाहरणस्वरूप दिए गए हैं। ऐसे और भी प्रश्न बनाकर बच्चों से हल करावें। आप चार्ट का उपयोग कराकर बच्चों से संख्या की पहचान, दो खाने के बीच आने वाली संख्या का अभ्यास, संख्या में अंकों का स्थानीय मान भी खेल-खेल में बच्चों से कराएंगे। इसके लिए सर्वप्रथम बच्चों से चार्ट में दिए गए संख्याओं के पैटर्न पर सभी खानों में संख्याओं को लिखने में सहयोग करेंगे।


अध्याय : 9

भार


शिक्षक के साथ मिलकर एक खिलौना तराजू बनाइए। इमली के बीजों से नीचे लिखी चीजों को तौलिए और लिखिए।

वस्तु	इमली के बीजों की संख्या
रबर	
चॉक	
कंकड़	
पेंसिल	
माचिस का डिब्बा	


जब तराजू में डंडा सीधा (चित्र–3 जैसा) हो तो दोनों ओर के भार बराबर होते हैं। जिस ओर का पलड़ा नीचे दबा होता है उस पर रखी वस्तु भारी होती है तथा उठा पलड़ा कम भार को बताता है।



चित्र–1



चित्र–2



चित्र–3


मीनु, चीनु व टीनु ने अपने तराजू द्वारा समान भार की रबर को तौला तो उनके बीजों की संख्या आई।



ऐसा कैसे हो सकता है?

सोचिए ऐसा क्यों हुआ? अपने साथियों और शिक्षक से चर्चा कीजिए।

आइए इन्हें भी पहचानें–



जिस प्रकार लम्बाई को मापने के लिए मीटर और सेन्टीमीटर का उपयोग करते हैं उसी तरह से वजन को किलोग्राम और ग्राम से तौला जाता है।

जिस प्रकार हमने लंबाई को **मीटर** और **सेन्टीमीटर** में मापा था वैसे ही भार या वजन को **किलोग्राम** और **ग्राम** में मापते हैं।

अपने शिक्षक से कहिए कि आपको **तराजू** और **बाट** दिखाएँ।

- बाटों पर क्या लिखा हैं?

पहले बाट पर ——————————

दूसरे बाट पर ——————————

तीसरे बाट पर ——————————

चौथे बाट पर ——————————

पाँचवे बाट पर ——————————

—————————— ——————————

—————————— ——————————

—————————— ——————————

- इनमें से सबसे बड़ा बाट कौन-सा है?

——————————————————————————————————

- इनमें से सबसे छोटा बाट कौन-सा है?

——————————————————————————————————

अपनी कक्षा में या बरामदे में किसी जगह पर तराजू लगाइए और तराजू के एक पलड़े पर 1 किलोग्राम का बाट रखिए। दूसरे पलड़े पर 200 ग्राम का बाट रखिए।

पलड़ा किस तरफ झुका है?

——————————————————————————————————

कौन-सा बाट अधिक भारी है?

——————————————————————————————————

अब ऊपर उठे हुये पलड़े पर 200 ग्राम का एक और बाट रखकर देखिए।

ऊपर उठे पलड़े पर 200 ग्राम के बाट तब तक रखते जाइए जब तक दोनों पलड़े बराबर न हो जाएं।

- 1 किलोग्राम का बाट 200 ग्राम के कितने बाटों के बराबर है?

_____

अब तराजू के एक पलड़े पर 1 किलोग्राम का बाट रखिए और दूसरे पलड़े पर 100 ग्राम का बाट रखते जाइए।

- 1 किलोग्राम का बाट 100 ग्राम के कितने बाटों के बराबर है?

_____

यही काम 500 ग्राम के बाट के साथ भी कीजिए।

कितने सारे बाट

यदि आपको ज्यादा बाट न मिलें तो 100 ग्राम का एक बाट तराजू के एक पलड़े पर रखिए। दूसरे पलड़े पर कपड़े या प्लास्टिक की थैली रखिए। इस थैली में तब तक रेत भरिए जब तक तराजू के दोनों पलड़े बराबर न हो जाएं। अब इस थैली को बाँध लीजिए जिससे रेत बाहर न गिरे। इस थैली का उपयोग आप 100 ग्राम के बाट की तरह कर सकते हैं।

इसी प्रकार आप 200 ग्राम, 500 ग्राम आदि के जितने चाहें उतने बाट बना सकते हैं।

अब बताइए–

- दुकानदार आधा किलोग्राम शक्कर तौलते समय तराजू पर कौन-सा बाट रखता है?
- पाव किलोग्राम सब्जी तौलने के लिये दुकानदार किन–किन बाटों का उपयोग करता है?
- क्या आधा किलोग्राम शक्कर तौलने के लिये किन–किन बाटों का उपयोग कर सकते हैं?

तालिका पूरी कीजिए–

1 किलोग्राम	=	————	ग्राम
आधा किलोग्राम	=	————	ग्राम
पाव किलोग्राम	=	————	ग्राम

आइए इन्हें करें–



100 ग्राम = ... ग्राम + ... ग्राम



200 ग्राम = ... ग्राम + ... ग्राम



500 ग्राम = ... ग्राम + ... ग्राम

+ ..... ग्राम



1 किलोग्राम = ... ग्राम + ... ग्राम

1 किलोग्राम = 1000 ग्राम

- दुकानदार के पास 50 ग्राम, 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम, 1 किलोग्राम तथा 2 किलोग्राम के बाट हैं। तालिका में दिये गये सामान जैसे– चाय, चीनी तथा चावल को आसानी से तौलने के लिए दुकानदार किस-किस बाट का इस्तेमाल करेंगे? तालिका भरकर जवाब दीजिए।

सामान	सामान की मात्रा	तराजू पर चढ़ाया गया बाट
चाय	250 ग्राम	200 ग्राम + 50 ग्राम
चीनी	750 ग्राम	.....
चावल	5 किलो 500 ग्राम	.....


- यदि दुकानदार के पास केवल 50 ग्राम का बाट है, तो 250 ग्राम चाय के लिए 50 ग्राम के कितने बाट तराजू पर चढ़ाएंगे?
- यदि दुकानदार के पास केवल 500 ग्राम का बाट है तो दुकानदार उपरोक्त में से किन-किन मात्राओं को तौल पाएँगे और कैसे?

इन्हें भी कीजिए–

1. दीपा ने 500 ग्राम शक्कर और 250 ग्राम चायपत्ती खरीदी। उसने कुल कितने ग्राम सामान खरीदा।
2. अमिता ने 2 किलोग्राम चावल और 1 किलोग्राम दाल खरीदी। उसने कुल कितना सामान खरीदा?
3. बड़े बोरे में 50 किलोग्राम चावल हैं और छोटे बोरे में 25 किलोग्राम गेहूं हैं। गेहूं से चावल कितना अधिक हैं?
4. नमक के एक पैकेट में 1 किलोग्राम नमक हैं। ऐसे सात पैकेटों में कुल कितना नमक होगा?
5. 25 किलोग्राम अंगूर को 5 डिब्बों में बराबर रखने पर प्रत्येक डिब्बे में कितने किलोग्राम अंगूर आयेंगें?

पता लगाइए–

- अस्पताल में नर्स आपका वजन किस चीज से मापती है?
- क्या आपने भार तौलने का कोई और तरीका देखा है?



❖ ❖ ❖

अध्याय : 4

गुणा

देखिए और रागझिए–




2 चक्के + 2 चक्के = 4 चक्के

2 + 2 = 4

इसे, इस प्रकार भी लिख सकते हैं:

2 चक्कों के 2 समूह

2 × 2 = 4

इसे, इस प्रकार पढ़ते हैं: 2 गुणा 2 = 4





2 चक्के + 2 चक्के + 2 चक्के = 6 चक्के

2 चक्कों के समूह 3

2 + 2 + 2 = 6

2 × 3 = 6

2 गुणा 3 = 6






2 चक्के + 2 चक्के + 2 चक्के + 2 चक्के = 8 चक्के

2 चक्कों के समूह 4

2 + 2 + 2 + 2 = 8

2 × 4 = 8

2 गुणा 4 = 8


Developed by: ABSOL www.absol.in

देखिए समझिए और कीजिए



4 फूल + 4 फूल = 8 फूल

4 फूल × 2 बार = ——————— फूल



2 गेंद + 2 गेंद + 2 गेंद + 2 गेंद = ——— गेंद

2 गेंद × ——— बार = ——— गेंद



3 पतंग + ——— पतंग + ————— पतंग = ———— पतंग

———पतंग × ———— बार = ———— पतंग



——केले + ———केले + ——केले + ———केले + ——केले = ———केले

——केले × ——बार = ——केले

चित्र देखकर बताइए–



चित्र में ———————————— गायें हैं।

एक गाय के ———————————— पैर हैं।

सभी गायों के कुल पैरों की संख्या = 4 पैर 5 बार = ———————————— पैर

या ☐ + ☐ + ☐ + ☐ + ☐ = ————————पैर

या 4 × ———————————— = ———————— पैर

क्या आपने तिलचट्टा देखा है। तिलचट्टा घर में पाया जाता है। इसके 6 पैर होते हैं।



अब बताइए 7 तिलचट्टों के कुल कितने पैर होंगे?

☐ + ☐ + ☐ + ☐ + ☐ + ☐ + ☐ = ———————— पैर

या 7 × ———————————— = ———————————— पेर

कौन कितने बार?



2 — 2 एक बार — या 2 × 1 = 2



2 + 2 — 2 दो बार — या 2 × 2 = 4




2 + 2 + 2 — 2 तीन बार — या 2 × 3 = 6



2 + 2 + 2 + 2 — 2 चार बार — या 2 × 4 = 8

2 का पहाड़ा

	2	2 एक बार	2×1 = 2
	2+2	2 दो बार	2×2 = 4
	2+2+2	2 तीन बार	2×3 = 6
	2+2+2+2	2 चार बार	2×4 = 8
	2+2+2+2+2	2 पाँच बार	2×5 = 10
	2+2+2+2+2+2	2 छः बार	2×6 = 12
	2+2+2+2+2+2+2	2 सात बार	2×7 = 14
	2+2+2+2+2+2+2+2	2 आठ बार	2×8 = 16
	2+2+2+2+2+2+2+2+2	2 नौ बार	2×9 = 18
	2+2+2+2+2+2+2+2+2+2	2 दस बार	2×10 = 20

जालीदार गुणन पद्धति

रहीम के पास 5 तीलियाँ थी। करीम के पास चार तीलियाँ थी। करीम ने अपनी तीलियाँ खड़ी दिशा में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रख दी। रहीम ने अपनी पहली तीली करीम की तीलियां पर पड़ी दिशा में रखकर गिना कि यह तीली चार तीलियों को कितनी बार काटती है।



उसने देखा एक तीली करीम की चार तीलियों को कुल चार जगह पर काटती है।

अर्थात् चार एक बार

या 4 गुणा 1 = 4

या 4 × 1 = 4

फिर दूसरी, तीसरी, चौथी तथा पाँचवीं तीलियां में पड़ी दिशा में रखकर गिना और पाया कि दूसरी तीली रखने के बाद कुल कटान 8 अर्थात्



4 दो बार = 8

4 गुणा 2 = 8

4 × 2 = 8


तीसरी तीली रखने के बाद कुल कटान =12



अर्थात् 4 तीन बार = 12

④ × 3 = 12


चौथी तीली रखने के बाद कुल कटान = 16



अर्थात् 4 चार बार = 16

④ × 4 = 16

पाँचवीं तीली रखने के बाद कुल कटान = 20



④ पाँच बार = 20

④ × 5 = 20

सही मिलान कीजिए–

2 × 3	=	10
4 × 4	=	20
5 × 4	=	16
2 × 5	=	6

पढ़िए और समझिए–

एक साइकिल में 2 चक्के हैं, तो 3 साइकिलों में कुल कितने चक्के होंगे?

2 चक्के + 2 चक्के + 2 चक्के = 6 चक्के


2 चक्के, 3 बार – 6 चक्के


2 चक्के × 3 = 6 चक्के


आप हल कीजिए–


1. मैदान में 4 बकरियाँ चर रही हैं, तो बकरियों के पैरों की कुल संख्या बताइए।
2. एक कार में 5 लोग बैठते हैं, तो ऐसी ही 5 कारों में कुल कितने लोग बैठ सकते हैं?
3. एक पैकेट में 10 चॉकलेट है, तो 6 पैकेट में कुल कितने चॉकलेट होंगे?


मिलान कीजिए कि किस चाबी से ताला खुलेगा।

























गुणा कीजिए–

3	× 4	=	5	× 2	=
2	× 6	=	4	× 5	=
3	× 3	=	4	× 4	=
1	× 5	=	6	× 1	=
3	× 6	=	3	× 7	=
2	× 10	=	4	× 3	=

अभ्यास

1. 6 × 2 बराबर है, 6 का 2 गुणा या 6 + 6 = 12
2. 3 × 8 बराबर है, ... का 8 गुणा या 3 +...+...+...+...+...+...+...+...= .....
3. 8 × 9 बराबर है, ...का ..... गुणा या

   .....+.....+.....+..... +..... +.....+.....+.....+..... = ...

देखिए और कीजिए–

1.	7 + 7 + 7	=	7	×	3	=	21
2.	4 + 4 + 4 + 4	=	.....	×	.....	=	.....
3.	2 + 2 + 2 + 2 + 2	=	.....	×	.....	=	.....
4.	8 + 8 + 8 + 8 + 8 + 8	=	.....	×	.....	=	.....

हल कीजिए–

1. एक बस में 6 पहिये हैं। 8 बसों में कितने पहिये होंगे?
2. किसी वर्ग में 16 बेंच हैं। हर बेंच पर 5 छात्र बैठे हैं। वर्ग में कुल कितने छात्र हैं?
3. एक बिस्कुट के पैकेट में 12 बिस्कुट हैं। इसी प्रकार के 4 पैकेट में कितने बिस्कुट होंगे?

गुणन सारणी

संख्याओं को गुणा करके सारणी 4.1 पूरा कीजिए–

सारणी 4.1

	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2	4								
3									
4									
5									
6									
7			28						
8									
9						63			
10									

कक्षा का हरेक बच्चा ऊपर दी गई गुणन सारणी की सहायता से गुणा के तीन सवाल बनाएगा और उसे अलग–अलग कार्डों पर लिखेगा।

जैसे– 8 × 7 6 × 3

अब सभी कार्डों को एक जगह इकट्ठा कर लेंगे। कक्षा दो समूह में बँट जाएगी।

अब एक समूह से एक बच्चा जाएगा और कार्ड की ढेरी में से एक कार्ड उठाएगा व कार्ड पर लिखा सवाल दूसरे समूह से पूछेगा।

इसी तरह बारी-बारी प्रत्येक समूह से एक बच्चा जाएगा और सवाल पूछेगा। जिस समूह ने सही उत्तर दिया उसको एक अंक और गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं। गलत/सही की जाँच बच्चे मिलकर तय करेंगे।

यह खेल प्रत्येक समूह से 10–10 प्रश्न पूछे जाने तक चलेगा। सबसे अधिक अंक पाने वाला समूह विजेता होगा। विजेता समूह के लिए सभी बच्चे ताली बजाएंगे।

Developed by: ABSOL www.absol.in

अध्याय : 5

भाग

बोल गाई कितने? आप चाहे जितने।



कक्षा मॉनिटर के 3 कहने पर सब बच्चे 3–3 के समूह में बँट गए।



अब बताइए कुल कितने बच्चे खेल रहे हैं? ——————————————————

3-3 बच्चों के कितने समूह बनें? ——————————————————————

अगर कक्षा नायक (मॉनीटर) 5 बोलता तो 5-5 के कितने समूह बनते? ——————————

Developed by: ABSOL www.absol.in

यहाँ 20 गेंद हैं। ये 4-4 के समूह में बँटी हुई हैं।



4-4 के कुल कितने समूह बने? ——————————————————————

अब इन्हें 5-5 के समूहों में बाँटने पर—



पाँच-पाँच के कितने समूह बने? ——————————————————————

यदि 2-2 के समूह बनाए जाएं तो कितने समूह बनेंगे? ——————————————

पंकज 12 टॉफियां लेकर आया। उसने अशोक, आबिदा और दानिश में बराबर-बराबर टॉफियां बांट दी। देखिए पंकज ने टॉफियां कैसे बाँटी?



पंकज ने सबसे पहले 1-1 टॉफी प्रत्येक को दी।

अब उसके पास 12-3=9 टॉफियाँ बचीं।

उसने फिर 1-1 टॉफी प्रत्येक को दी।

अब पंकज के पास बची टॉफियाँ

9 - 3 = 6

उसने फिर 1-1 टॉफी बाँटी।

पंकज के पास बची टॉफियां 6-3 = 3

पंकज ने 1-1 टॉफी फिर बाँटी।

अब पंकज के पास बची टॉफियाँ 3-3 = शून्य

यानि पंकज ने सारी टॉफियां बांट दी।



पंकज ने 12 टॉफियों को बाँटने के क्रम में 3-3 टॉफियाँ कितनी बार निकाली? ——————

———————————————————————————————

इसे ऐसे समझिए–

$12 - 3 = 9$

$9 - 3 = 6$

$6 - 3 = 3$

$3 - 3 = 0$

→ 4 बार

अर्थात् 12 में से 3 घटा या 4 बार

अतः $12 \div 3 = 4$

÷ यह भाग का चिह्न है, जो बार–बार समान रूप से 'घटाना' या 'बाँटना' को दर्शाता है।

पता लगाइए किसको कितना मिलेगा?

जब 8 नींदें 2 लोगों में बराबर बाँटी जाएँ।

जब 12 फलों को 4 लोगों में बराबर बाँटना हो?

15 बिस्किट को 5 लोगों में बराबर बाँटेंगे तो हर एक को कितने मिलेंगे?

आइए इस उदाहरण में देखें

सत्या के पिताजी बाजार से 10 कापियाँ खरीद कर लाए। उनके घर आते ही सत्या की दीदी और भैया ने कहा "हमें पाँच-पाँच कापियाँ चाहिए।" सत्या ने कहा "तब तो मैं भी पाँच कापियाँ ही लूंगी।"

सत्या ने कहा "पहले मुझे पाँच कापियाँ दे दीजिए।"
पिताजी ने पाँच कापियाँ सत्या को दे दीं।
सत्या की दीदी ने भी पाँच कापियाँ पिताजी से ले लीं।
सत्या के भैया के लिये कापियाँ बची ही नहीं।
आओ देखें ऐसा कैसे हुआ?

पिताजी के पास कापियाँ थीं–	10
सत्या ने कापियाँ ली	– 5
कापियाँ बचीं	5
सत्या की दीदी ने कापियाँ लीं	– 5
कापियाँ बचीं	0

भैया के लिए एक भी कापी नहीं बची।

पंकज ने जिस तरह अशोक, आबिदा और दानिश के बीच टॉफियाँ बाँटीं वैसे ही कापियों को बाँटा जाता तो क्या गैया को भी कापियाँ मिलतीं?

हर एक को कितनी कापियाँ मिलतीं? ———

हर एक को बराबर कापियाँ मिलने के बाद क्या कोई कापी बचती ——कितनी——

अब सोचिए बाँटने के दोनों तरीकों में क्या अंतर है?

टॉफियाँ बाँटते समय हमें यह मालूम था कि कितने लोगों में बाँटना है लेकिन यह नहीं मालूम था कि हर एक को कितनी टॉफियाँ मिलेंगी।

जब वस्तुओं को बाँटने की ऐसी स्थितियां आती हैं तो हम भाग की क्रिया का उपयोग करते हैं।

आइए देखें कि भाग की स्थितियों को हम कैसे लिखते हैं?

12 चीजों को 3 लोगों में बाँटना है

तो हरेक को 4 चीजें मिलेंगीं।

इसे ऐसे लिखते हैं 12 ÷ 3 = 4 (÷ यह भाग का चिह्न है)

पढ़ते हैं बारह भागा तीन बराबर चार

एक और स्थिति यह हो सकती है कि हमें पता हो

कि कुल 12 लड्डू हैं

हर एक को चार-चार लड्डू देते हैं तो तीन लोगों को मिलेंगे

इसे लिखेंगे 12 ÷ 4 = 3

और पढ़ेंगे— "बारह भागा चार बराबर तीन।"

अब नीचे लिखी स्थितियों को भाग के चिह्न का उपयोग करके लिखिए–

1. रेशमा के पास 24 टॉफियाँ थीं। उसने इन टॉफियों को अपनी 3 सहेलियों में बराबर-बराबर बाँट दिया। हर एक को 8 टॉफियाँ मिलीं।
2. रेणु के पास 20 लड्डू थे। इन लड्डुओं को रेणु ने 5 लोगों में बराबर-बराबर बाँट दिया। हर एक को चार-चार लड्डू मिले।
3. अमित के पास 15 कंचे हैं। उसने अपने 5 दोस्तों में तीन-तीन कंचे बाँट दिये। हर एक को तीन-तीन कंचे मिले।

4. सीमा के पास 24 टॉफियाँ थीं। उसने 8-8 टॉफियाँ अपनी सहेलियों को दीं तो उसकी तीन सहेलियों को बराबर-बराबर टॉफियाँ मिलीं।

5. रेणु के पास 20 लड्डू थे। उसने 4-4 लड्डू अपनी सहेलियों को दिए तो उसकी 5 सहेलियों को बराबर-बराबर लड्डू मिले।


अब बताइए–

40 ÷ 4 को बार-बार घटाने की प्रक्रिया द्वारा हल कीजिए।

चलिए कुछ और करते हैं–

1. सीमा के पास 15 लड्डू हैं। वह उन्हें तीन टोकरियों में बराबर-बराबर रखती है।

बताइए, हर टोकरी में कितने लड्डू होंगे?



हर टोकरी में ..... लड्डू होंगे।

यानि 15 ÷ 3 = ...

2. अशोक के 16 बिस्किट 4 बच्चों में बाँटने हैं। हर बच्चे को कितने बिस्किट मिलेंगे?

..... ÷ 4 = ...

यानि हर बच्चे को ..... बिस्किट मिलेंगे।

3. गेहा के पास 21 बैलून हैं। वह उन्हें 3 बच्चों में बराबर-बराबर बाँटना चाहती है। गेहा की मदद कीजिए।


हर बच्चे को कितने बैलून मिलेंगे?

..... ÷ 3 = ...

अगर इन बैलूनों को 7 बच्चों में बराबर-बराबर बाँटना होता तो हर बच्चे को कितने बैलून मिलते?

..... ÷ 7 = ...

4. गोला के पास 18 गोलियाँ हैं। वह उन्हें 6 बच्चों में कैसे बाँटेगा?





.....

अगर बच्चों की संख्या 3 होती तो हर बच्चे को कितनी गोलियाँ मिलती?

..... ÷ ..... = ...

अगर बच्चों की संख्या 2 होती तो हर बच्चे को कितनी गोलियाँ मिलती?

..... ÷ ..... = ...

अगर बच्चों की संख्या 9 होती तो हर बच्चे को कितनी गोलियाँ मिलती?

..... ÷ ..... = ...

गोविन्द ने इसे ऐसे किया– उसने 3 का पहाड़ा उस समय तक पढ़ा जब तक 18 नहीं आ गया।

हर बच्चे को 3 एका 3 यानि– $3 \times 1 = 3$

3 दूनी 6 $3 \times 2 = 6$

3 तिया 9 $3 \times 3 = 9$

3 चौके 12 $3 \times 4 = 12$

3 पँचे 15 $3 \times 5 = 15$


3 छके 18 $3 \times 6 = 18$



यानि– $18 \div 3 = 6$

अर्थात् हर बच्चे को 6 गोलियाँ मिलेंगे।





याद रखिए–

जिससे भाग करते हैं– भाजक

जिसमें भाग करते हैं– भाज्य

जो परिणाम आता है– भागफल

जो शेष बचता है– शेषफल

अब आप कीजिए–

1. $21 \div 7 =$
2. $36 \div 6 =$
3. $42 \div 6 =$
4. $35 \div 5 =$

देखिए और समझिए–

$18 = 12 + 6$

$18 \div 3 =$
- $12 \div 3 = 4$
- $6 \div 3 = +2$

6

$18 = 9 + 9$

$18 \div 3 =$
- $9 \div 3 = 3$
- $9 \div 3 = +3$

6

$18 = 15 + 3$

$18 \div 3 =$
- $15 \div 3 = 5$
- $3 \div 3 = +1$

6

$18 = 6 + 6 + 6$

$18 \div 3 =$
- $6 \div 3 = 2$
- $6 \div 3 = 2$
- $6 \div 3 = +2$

6



अब आप बताइए–


12 ÷ 2 = ...	12 ÷ 3 = ...
18 ÷ 2 = ...	24 ÷ 4 = ...
35 ÷ 5 = ...	45 ÷ 5 = ...
30 ÷ 6 = ...	18 ÷ 6 = ...
40 ÷ 8 = ...	42 ÷ 7 = ...
20 ÷ 4 = ...	15 ÷ 3 = ...
21 ÷ 3 = ...	27 ÷ 9 = ...
36 ÷ 3 = ...	24 ÷ 8 = ...
32 ÷ 8 = ...	28 ÷ 2 = ...

गुणा-भाग, साथ-साथ देखिए और समझिए–

12 ÷ 2 = 6	6 × 2 = 12
12 ÷ 6 = 2	
16 ÷ 2 = 8	
16 ÷ 8 = 2	
14 ÷ 2 = 7	
..... ÷ 7 = 2	
8 ÷ ..... = 2	
..... ÷ 2 = 2	

भाग का खेल चकरी से–

- 8–10 का समूह बनाइए।
- प्रत्येक समूह के सभी लोग मिलकर दिए गए चित्र की तरह चकरी तैयार कीजिए।
- प्रत्येक समूह 1 से 99 तक की संख्याओं का अलग-अलग कार्ड तैयार कीजिए। जैसे– 54 66 इत्यादि।
- एक कार्ड पर ÷ का चिह्न तथा एक अंक की कोई संख्या लिखिए। (चित्र देखिए) जैसे– ÷ 3 ÷ 4 इत्यादि।



- दो अंकों वाली संख्याओं के कार्डों को चकरी के खानों में रखिए।
- दो अंकों वाली संख्याओं को बीच में रखी गई संख्या से भाग कर भागफलों को सजाकर लिखिए।
- सभी भागफलों को जोड़िए।
- समूह के सभी सदस्य अपनी-अपनी चकरी पर यह खेल खेलिए।
- जिसके भागफलों का जोड़ सबसे ज्यादा आएगा वह समूह का विजेता होगा।

5 का पहाड़ा पढ़िए फटाफट भाग कीजिए–

भाज्य ÷ भाजक	भागफल	इशारा
10 ÷ 5	.....	5 × 2 = 10
15 ÷ 5	3	5 × 3 = 15
20 ÷ 5	.....	..... = ...
25 ÷ 5	.....	..... = ...
..... ÷ 5	6	..... = ...
35 ÷ 5	.....	..... = ...
..... ÷ 5	8	..... = ...
45 ÷ 5	.....	..... = ...
..... ÷ 5	10	..... = ...

10 का पहाड़ा पढ़िए फटाफट भाग कीजिए–

भाज्य ÷ भाजक	भागफल	इशारा
20 ÷ 10	.....	10 × 2 = 20
30 ÷ 10	3	..... = ...
40 ÷ 10	.....	..... = ...
50 ÷ 10	.....	..... = ...
..... ÷ 10	6	..... = ...
..... ÷ 10	7	..... = ...
..... ÷ 10	.....	..... = ...
..... ÷ 10	.....	..... = ...
100 ÷ 10	.....	..... = ...

इसे भी कीजिए–

6 ÷ 2 = ...

15 ÷ 3 = ...

25 ÷ ..... = 5

45 ÷ 9 = ...

8 ÷ 2 = ...

20 ÷ ..... = 5

12 ÷ 3 = ...

..... ÷ 4 = 5

..... ÷ 3 = 9

..... ÷ 7 = 3

Developed by: ABSOL www.absol.in

अध्याय : 6

भिन्न संख्याएँ

एक दिन मुन्नू और रानी दोनों खाना खा रहे थे। दोनों जल्दी से अपना खाना खत्म कर उन किताबों को देखना चाह रहे थे जो पिताजी लाए थे। कहानियों की रंगीन और सुन्दर किताबें।

उनकी हड़बड़ी देखकर माँ ने डाँट लगाई– "आराम से पेटभर खाओ।"

मुन्नू ने कहा–"मेरा पेट तो भर गया है माँ।"

"मेरा भी" रानी ने झट से कहा।

"मुझे मालूम है तुम लोग भागना चाहते हो। एक-एक रोटी और खा लो फिर उठ जाना।"

यह कहकर माँ ने एक रोटी रानी की थाली में डाली और दूसरी रोटी मुन्नू की थाली में डालने लगी।



मुन्नू ने कहा–"माँ मैं दीदी से आधी रोटी ले लेता हूँ।"

ऐसा कहकर उसने दीदी की थाली से रोटी उठाई। एक छोटा टुकड़ा तोड़कर खुद ले लिया और बड़ा टुकड़ा रानी की थाली में डाल दिया। उसने कहा– "दीदी आधी रोटी मैंने ले ली, आधी तुम खा लो।"

रानी ने अपना टुकड़ा उठाया और थोड़े गुस्से से बोली– "यह आधा नहीं है सत्यानाश.....। खुद ने तो छोटा ले लिया, मुझे बड़ा दे दिया।"

मुन्नू ने कहा , "गुस्सा क्यों करती हो? मैं छोटा हूँ तो मेरी आधी रोटी भी छोटी है। तुम बड़ी हो तो तुम्हारी आधी रोटी बड़ी होनी चाहिए न।"

ऐसा नहीं होता मुन्नू.....। अगर तुमने ये दोनों टुकड़े बराबर-बराबर तोड़े होते तब कह सकते थे– पहला टुकड़ा आधा है और दूसरा टुकड़ा भी आधा है।

"अच्छा! अगर इस रोटी में माँ को भी हिस्सा देना होता तब क्या करते?

तब रोटी के तीन बराबर-बराबर टुकड़े करते।" राधा ने कहा।

"क्या इन टुकड़ों को भी आधा कर सकते हैं?" मुन्नू ने पूछा।

